करुणानिधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जाओ,
मुझे तेरी जरूरत है,
मुझे तेरी जरूरत है,
फुर्सत है तो आ जाओ,
करुणा निधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जाओ।।

तर्ज राधे तेरे चरणों की।

बेदर्द ज़माने ने,
ठोकर जो लगाई है,
हर दर्द की सांवरिया,
तेरे पास दवाई है,
प्रभु प्यार से आकर के,
दो घुट पिला जाओ,
करुणा निधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जावो।।

तुम्हे अपना समझने का,
अधिकार हमारा है,
दिनों के लिए होता,
अवतार तुम्हारा है,
हे कलयुग अवतारी,
मेरी पीड़ा मिटा जाओ,

करुणा निधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जावो।।

मेरा दिल ये पुकार रहा,
तेरी बाट निहार रहा,
क्यों देर लगाई है,
क्या कर श्रृंगार रहा,
'बिन्नू' मन व्याकुल है,
प्रभु धीर बंधा जाओ,
करुणा निधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जावो।।

करुणानिधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जाओ,
मुझे तेरी जरूरत है,
मुझे तेरी जरूरत है,
फुर्सत है तो आ जाओ,
करुणा निधि नाम तेरा,
करुणा बरसा जाओ।।

Singer : Shubham Thakran

Source: https://www.bharattemples.com/karunanidhi-naam-tera/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw